कार्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0,
1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश में स्थित, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध, राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न डिप्लोमा/पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु वर्ष–2022 की आनलाइन/सी0बी0टी0 प्रवेश परीक्षाएं दिनांक 06 जून से 10 जून, 2022 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित करायी जायेंगी। प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन प्रक्रिया परिषद के पोर्टल jeecup.admissions.nic.in पर दिनांक 15.02.2022 से चल रही है, जिसकी अन्तिम तिथि 30.04.2022 निर्धारित है।

व्यापक जनहित में उक्त आवेदन की **अन्तिम तिथि 30.04.2022 को बढ़ाते हुए 05.05.2022 निर्धारित की जा रही है।** अन्तिम तिथि के उपरान्त आवेदनकर्ता दिनांक 07.05.2022 से 12.05. 2022 तक आवेदन–पत्रों की त्रुटियों को आनलाइन सुधार सकेंगे।

प्रवेश परीक्षा के प्रवेश–पत्र/हाल टिकट दिनांक 30.05.2022 से डाउनलोड किये जा सकेंगे। वर्ष–2022 की आनलाइन/सी0बी0टी0 आधारित प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित निर्देश एवं अन्य नवीनतम जानकारी परिषद की वेबसाइट jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव

संख्या : 100 /संप्रपप/ई0–2(प्रशा0)/2022, दिनांक : 30 अप्रैल, 2022

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर।
4. अनु सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
5. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0।
6. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7. निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, लखनऊ को व्यापक प्रसार हेतु।
8. समस्त राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाएं, उ0प्र0।
9. सम्पादक, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, स्वतंत्र भारत, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव